FORTUNA PR

Publication	Mahanagar Metro	Date	18-04-2018	Page No	03
Client Name	Kamdhenu	Edition	Ahmedabad		

कामधेनू लिमिटेड ने आयोजित की चैनल पार्टनर मीट

अहमदाबाद, 17 अप्रैल 2018: सभी प्रकार की भवन निर्माण सामग्री की कंपनी कामधेनू लिमिटेड ने गुजरात के अपने डीलरों के लिए चैनल पार्टनर मीट का आयोजन किया। कामधेनू लिमिटेड के निदेषक श्री सुनील अग्रवाल और वरिष्ठ महाप्रबंधक-विपणन श्री सुषील चौधरी ने होटल द अनंता, उदयपुर में पूरे गुजरात से आए लगभग 350 डीलरों और वितरकों को संबोधित किया।

चैनल पार्टनर मीट को संबोधित करते हुए कामधेनू स्टील लिमिटेड के निदेषक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, *''गुजरात के टीएमटी बार सैगमेंट में कामधेनू टीएमटी ने आइकॉनिक रुतबा हासिल कर लिया है और इस उपलब्धि का जष्न तो मनाना ही चाहिए। इस उपलब्धि के लिए और पिछले वित्त वर्श में दमदार बिक्री प्रदर्षन के लिए हम चैनल पार्टनरों को बधाई देते हैं। हमारा इरादा आगामी वर्शों में भी इस क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति को बरकरार रखने का है तथा हम दूर-दराज़ के बाजारों तक कामधेनू टीएमटी को पहुंचाएंगे।''*

राज्य में रियल ऐस्टेट व इंफ्रास्ट्रक्चर के सुदृढ़ विकास के मद्देनजर गुजरात कामधेनू लिमिटेड के लिए अहम बाजार है। राज्य में कामधेनू टीएमटी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कंपनी ने अपने फ्रैंचाइज़ी मैन्युफैक्चरिंग सहयोगियों की संख्या 3 करते हुए उत्पादन क्षमता 1,50,000 एमटी प्रति वर्श कर ली है। कामधेनू लिमिटेड पूरे गुजरात में 350 डीलरों एवं वितरकों के मजबूत नेटवर्क के जरिए 'कामधेनू टीएमटी' की बिक्री करती है।